University in News on 13 October 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

10वीं, 12वीं के 27 मेधावियों का सम्मान

बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत और इससे अधिक अंक लाने वालों को मिला उपहार

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद की ओर से बृहस्पतिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विवि के कर्मचारियों के उन 27 बच्चों को प्रमाण पत्र व उपहार दिए गए, जिन्होंने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत और इससे अधिक अंक प्राप्त किए।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि छात्रों को उनकी रुचि अनुसार विषय चुनने चाहिए। अभिभावकों को इसमें उन्हें सहयोग करना चाहिए। कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश यादव बताया कि समारोह में हाईस्कूल के 15 और इंटरमीडिएट के 12 मेधावी शामिल थे।

कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी कमचारी परिषद के महामंत्री डॉ. संजय सिंह व कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ विवि के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद की ओर से किया गया छात्रों का सम्मान। -संवाद

समारोह में इन होनहारों को मिला सम्मान

इंटर के मेधावियों में दीक्षा निगम, प्रियम तिवारी, वैभव वर्मा, राशि श्रीवास्तव, आयुषी पटेल, शाम्भवी तिवारी, आदित्य यादव, विष्णु कुमार, प्रतीक द्विवेदी, आर्यन देव, हर्षित सिंह एवं रिया सिंह थे। हाईस्कूल के होनहारों में कुशाग्र गुप्ता, अथर्व वेद, अक्षत धर दुबे, प्रियंका, आयुष्मान गुप्ता, अनुज कुमार, अंशिका सिंह, कैरव सिद्धार्थ, अभय सिंह, रोमंचक द्विवेदी, अनुष्का वर्मा, आदर्श सिंह, अंशिका यादव, श्रुति महेन्द्र एवं राहुल कुमार थे।

कौशल दीक्षांत समारोह में दिए मेडल

लखनऊ। अलीगंज स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बृहस्पतिवार को कौशल दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। इसमें आईएमसी के अध्यक्ष अंकुर गोयल मौजूद रहे। इस दौरान अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा के टॉपरों को मेडल दिया गया। प्रधानाचार्य राजकुमार यादव सहित अन्य मौजूद रहे। (संवाद)

प्रवेश के लिए 18 को साक्षात्कार

लखनऊ। लविवि में पार्टटाइम एमटेक में प्रवेश लेने वालों का 18 अक्तूबर को साक्षात्कार व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर के पत्र के अनुसार नवीन परिसर के इंजीनियरिंग संकाय में सुबह 11 बजे से साक्षात्कार व अभिलेखों के सत्यापन शुरू होगा। (संवाद)

छात्र को बनाया जाएगा ब्रांड अंबेसडर

लखनऊ। लविवि में बृहस्पतिवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में एलुमिनाई फाउंडेशन कार्य समिति की बैठक हुई। इसमें फैसला लिया गया कि 25 नवंबर को विवि के स्थापना दिवस पर हर विभाग से दो छात्रों को एलुमिनाई फाउंडेशन का ब्रांड अंबेसडर बनाया जाएगा। रसायन विभाग के प्रमुख प्रो. अनिल मिश्रा को स्थापना दिवस की आयोजन समिति का चेयरमैन बनाने का निर्णय हुआ। (संवाद)

एलुमिनाई फाउंडेशन के अंबेसडर बनेंगे छात्र

लखनऊ। एलयू में गुरुवार को एलुमिनाई फाउंडेशन कार्य समिति की बैठक कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई। इसमें फैसला लिया गया कि 25 नवंबर को विवि के स्थापना दिवस पर हर एक विभाग से दो छात्रों को एलुमिनाई फाउंडेशन के ब्रांड अंबेसडर के तौर पर नियुक्त किया जाए। साथ ही स्थापना दिवस की आयोजन समिति के चेयरमैन रसायन विभाग के प्रमुख प्रो. अनिल मिश्रा को बनाया गया है। कार्य परिषद के सदस्य प्रो. प्रमोद टंडन, एलुमिनाई फाउन्डेशन के वाइस चेयरमैन प्रो. अरूप समेत अन्य मौजूद रहे।

HINDUSTAN PAGE 6

एमटेक में प्रवेश के लिए 18 अक्तूबर को साक्षात्कार

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। एलयू में पार्ट टाइम एमटेक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए 18 अक्टूबर को साक्षात्कार व डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का कार्य होगा। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने पत्र जारी कर दिया है।

बता दें कि प्रो. माथुर के अनुसार, नवीन परिसर के इंजीनियरिंग संकाय में सुबह 11 बजे से साक्षात्कार व अभिलेखों के सत्यापन शुरू होगा। इसमें आवेदन करने वाले छात्र शामिल हो सकेंगे।

पीजी पाठ्यक्रम पर चर्चा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता अकादमिक सेल की बैठक हुई। इसमें एक साल के पीजी पाठ्यक्रम को तैयार करने पर चर्चा की गई। गतिविधियों, कार्यशाला, संगोष्ठी व अन्य कार्यक्रमों का डाटा भी तैयार करने के लिए कहा है।

लोहिया की पुण्यतिथि मनाई: एलयू में समाजवादी छात्रसभा की ओर से समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन छात्रनेता हरीश रावत, अक्षय कुमार यादव ने किया।

अपनी पसंद के विषय का चयन करें छात्र

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कर्मचारी परिषद की ओर गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय में कार्यरत् कर्मचारियों के बच्चे जो हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये थे, उनको प्रमाण.पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय, विशिष्ट अतिथि परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी, अध्यक्षता कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह ने दीप प्रवज्जलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्घाटन किया। समारोह का संचालन कर्मचारी परिषद अध्यक्ष राकेश यादव एवं आभार ज्ञापन कर्मचारी परिषद् महामंत्री संजय शुक्ल ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने सहभागिता की। समारोह में कुल 27 बच्चों को सम्मानित किया गया। जिसमें हाईस्कूल के 15 एवं इण्टरमीडिएट के 12 मेधावी छात्र शामिल थे। सम्मानित होने वाले इण्टरमीडिएट के मेधावी छात्रों में दीक्षा निगम, प्रियम तिवारी, वैभव वर्मा, राशि श्रीवास्तव, आयुषी पटेल, शम्भवी तिवारी, आदित्य यादव, विष्णु कुमार, प्रतीक द्विवेदी, आर्यन देव, हर्षित सिंह एवं रिया सिंह शामिल थी। इसी प्रकार हाई स्कूल के सम्मानित होने वाले छात्रों में कुशाग्र गुप्ता, अथर्व वेद, अक्षत धर दुबे, प्रियंका, आयुष्मान गुप्ता, अनुज कुमार, अंशिका सिंह, कैरव सिद्धार्थ, अभय सिंह, रोमंचक द्विवेदी, अनुष्का वर्मा, आदर्श सिंह, अंशिका यादव, श्रुति महेन्द्र एवं राहुल कुमार आदि थे। समारोह को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने सम्मानित होने वाले बच्चों को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि छात्रों को उनके रूचि के अनुरूप विषय का चयन करना चाहिए। इससे उनका भविष्य उज्जवल होगा और अपने मनचाहे विषय में अपना उत्कृष्ट योगदान देने के साथ ही परिवार एवं देश का नाम रोशन करेंगें। उन्होंने कहा कि अक्सर यह देखा जाता है कि बच्चों के अभिभावक उनकी रूचि के विपरीत विषयों में जबरदस्ती प्रवेश दिला देते है जिससे उस बच्चे के भविष्य के साथ ही देश का भविष्य भी प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को अपना लक्ष्य निर्धारित करके उसे प्राप्त करने के लिए अपना सर्वोच्च प्रयास करना चाहिए और तब तक नहीं रुकना चाहिए, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो।

PIONEER PAGE 3

प्रतिभा सम्मान समारोह में 27 छात्र-छात्राएं हुई सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद द्वारा गुरुवार को विवि परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय में कार्यरत् कर्मचारियों के बच्चे जो हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये थे, उनको प्रमाण.पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय, विशिष्ट अतिथि परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी, अध्यक्षता कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह ने दीप प्रवज्जलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्घाटन किया। समारोह का संचालन कर्मचारी परिषद अध्यक्ष राकेश यादव एवं आभार ज्ञापन कर्मचारी परिषद् महामंत्री संजय शुक्ल ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने सहभागिता की। समारोह में कुल 27 बच्चों को सम्मानित किया गया। जिसमें हाईस्कूल के 15 एवं इण्टरमीडिएट के 12 मेधावी छात्र शामिल थे। सम्मानित होने वाले इण्टरमीडिएट के मेधावी छात्रों में दीक्षा निगम, प्रियम तिवारी, वैभव वर्मा, राशि श्रीवास्तव, आयुषी पटेल, शम्भवी तिवारी, आदित्य यादव, विष्णु कुमार, प्रतीक द्विवेदी, आर्यन देव, हर्षित सिंह एवं रिया सिंह शामिल थी। इसी प्रकार हाई स्कूल के सम्मानित होने वाले छात्रों में कुशाग्र गुप्ता, अथर्व वेद, अक्षत धर दुबे, प्रियंका, आयुष्मान गुप्ता, अनुज कुमार, अंशिका सिंह, कैरव सिद्धार्थ, अभय सिंह, रोमंचक द्विवेदी, अनुष्का वर्मा, आदर्श सिंह, अंशिका यादव, श्रुति महेन्द्र एवं राहुल कुमार आदि थे। समारोह को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने सम्मानित होने वाले बच्चों को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि छात्रों को उनके रूचि के अनुरूप विषय का चयन करना चाहिए। इससे उनका भविष्य उज्जवल होगा और अपने मनचाहे विषय में अपना उत्कृष्ट योगदान देने के साथ ही परिवार एवं देश का नाम रोशन करेंगें। उन्होंने कहा कि अक्सर यह देखा जाता है कि बच्चों के अभिभावक उनकी रूचि के विपरीत विषयों में जबरदस्ती प्रवेश दिला देते है जिससे उस बच्चे के भविष्य के साथ ही देश का भविष्य भी प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को अपना लक्ष्य निर्धारित करके उसे प्राप्त करने के लिए अपना सर्वोच्च प्रयास करना चाहिए और तब तक नही रूकना चाहिए जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो। इस अवसर पर उपकुलसचिव शशि प्रभा तिवारी, सहायक कुलसचिव प्रमोद कुमार मिश्रा, महेश चन्द्र शुक्ला, उपाध्यक्ष सीपी सिंह, अभिषेक सिंह, मंत्री बाबू लाल, दिनेश बाल्मीकि संगठन मंत्री शिवानन्द द्विवेदी, कोषाध्यक्ष अमित कुमार सक्सेना, सदस्यगण मुकेश धर दुबे, सोमनाथ, अशोक कुमार, बच्चा सिंह, अमित कुमार, लाल बाबू एवं पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

स्थापना दिवस पर हर विभाग के दो छात्र बनेंगे ब्रांड एम्बेसडर: आगामी 25 नवंबर को विवि के स्थापना दिवस समारोह को देखते हुए आज अलुमिनाई फाउन्डेशन की कार्य समिति की बैठक कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 नवम्बर को विश्वविद्यालय की स्थापना दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रत्येक विभाग से दो छात्रों को अलुमिनाई फाउन्डेशन के ब्राण्ड अम्बेसेडर के रूप में नियुक्त किया जायेगा।

i-NEXT PAGE 4

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने 15 अक्टूबर तक के लिए खोला एडमिशन पोर्टल

पोर्टल से पटरी पर आएगा एडमिशन प्रोसेस

लखनऊ यूनिवर्सिटी में मेधावियों का हुआ सम्मान

बच्चे इंटरेस्ट के हिसाब से चुनें अपना करियर

हर विभाग से दो एलुमिनाई होंगे ब्रांड एंबेडर

आठ कोर्सों के परिणाम जारी

JAGRAN CITY PAGE III

एल्युमिनाई फाउंडेशन के ब्रांड एंबेसडर बनेंगे छात्र

लखनऊ विश्वविद्यालय के 103 वें स्थापना दिवस पर प्रत्येक विभाग से दो छात्र-छात्राओं को एल्युमिनाई फाउंडेशन के ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया जाएगा। गुरुवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई लखनऊ विश्वविद्यालय एल्युमिनाई फाउंडेशन की कार्य समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

कुलपति एवं फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. राय ने बताया कि स्थापना दिवस पर पिछले साल की तर्ज पर इस बार भी पत्रकारिता, ब्यूरोक्रेसी, ज्यूडिशरी, विज्ञान, राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पूर्व छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में कई नामों पर चर्चा भी हुई। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के लिए जो आयोजन समिति बनाई जा रही हैं, उसके चेयरमैन रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो अनिल मिश्र होंगे। बैठक में प्रो. प्रमोद टंडन, फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन प्रो. अरुप चक्रवर्ती, महासचिव प्रो. सुधीर मेहरोत्रा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. संगीता साहू, प्रो. अनिल मिश्र, डा. केया पांडेय, डा. ओपी शुक्ल, कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह व डीन कला संकाय प्रो. अरविंद अवस्थी उपस्थित थे।

स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने एल्युमिनाई फाउंडेशन के सदस्यों के साथ बैठक की ● सौजन्य : लवि

दीक्षांत समारोह में 55000 विद्यार्थियों को मिलेंगी डिग्रियां

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में लगभग 55 हजार विद्यार्थियों को डिग्रियां दी जाएंगी। विश्वविद्यालय में 66वें दीक्षांत समारोह की प्रारंभिक स्तर की तैयारियां आरंभ हो गई है। अभी तक तारीख तय नहीं हुई है। कयास लगाए जा रहे है कि 25 नवंबर को होने वाले 103वें स्थापना दिवस समारोह के आसपास ही दीक्षांत समारोह आयाजित किया जाएगा। इस वर्ष दीक्षांत में तकरीबन 55 हजार डिग्रियां बांटी जाएंगी। इसी तरह मेधावियों को दिए जाने वाले मेडल्स के लिए भी जेम पोर्टल के जरिए टेंडर निकालने की योजना बनाई जा रही है। इस संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी। वही इस साल भी डिग्रियों को डाक द्वारा भेजकर उसे डिजी लॉकर पर अपलोड किया जाएगा। स्नातक व परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में पढ़ाई कर रहे छात्रों को किसी तरह की असुविधा से न गुजरना पड़े। साथ ही भविष्य में होने वाले दस्तावेजों के सत्यापन में किसी तरह की कोई समस्या न उत्पन्न हो।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 3

रुचि अनुरूप चयन करें विषय

प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने विवि कर्मचारियों के बच्चों को किया पुरस्कृत

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने प्रमाण-पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. आलोक कुमार राय, विशिष्ट अतिथि परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी, अध्यक्षता कुल सचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्घाटन किया।

लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कुल 27 बच्चों को सम्मानित किया गया। जिसमें हाईस्कूल के 15 एवं इण्टरमीडिएट के 12 मेधावी छात्र शामिल थे। सम्मानित होने वाले इण्टरमीडिएट के मेधावी छात्रों में दीक्षा निगम, प्रियम तिवारी, वैभव वर्मा, राशि श्रीवास्तव, आयुषी पटेल, शम्भवी तिवारी, आदित्य यादव, विष्णु कुमार, प्रतीक द्विवेदी, आर्यन देव, हर्षित सिंह एवं रिया सिंह शामिल थी। इसी प्रकार हाईस्कूल के सम्मानित होने वाले छात्रों में कुशाग्र गुप्ता, अथर्व वेद, अक्षत धर दुबे, प्रियंका, आयुष्मान गुप्ता, अनुज कुमार, अंशिका सिंह, कैरव सिद्धार्थ, अभय सिंह, रोमंचक द्विवेदी, अनुष्का वर्मा, आदर्श सिंह, अंशिका यादव, श्रुति महेन्द्र एवं राहुल कुमार आदि थे। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सम्मानित होने वाले बच्चों को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि छात्रों को उनके रुचि के अनुरूप विषय का चयन करना चाहिए। इससे उनका भविष्य उज्ज्वल होगा और अपने मनचाहे विषय में अपना उत्कृष्ट योगदान देने के साथ ही परिवार एवं देश का नाम रोशन करेंगें। उन्होंने कहा कि अक्सर यह देखा जाता है कि बच्चों के अभिभावक उनकी रुचि के विपरीत विषयों में जबरदस्ती प्रवेश दिला देते है जिससे उस बच्चे के भविष्य के साथ ही देश का भविष्य भी प्रभावित होता है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को अपना लक्ष्य निर्धारित करके उसे प्राप्त करने के लिए अपना सर्वोच्च प्रयास करना चाहिए और तब तक नही रुकना चाहिए जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो। समारोह के विशिष्ट अतिथि परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी, अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश यादव, महामंत्री संजय शुक्ला, उपाध्यक्ष सीपी सिंह, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

इनको किया गया सम्मानित

इंटरमीडिएट : दीक्षा निगम, प्रियम तिवारी, वैभव वर्मा, राशि श्रीवास्तव, आयुषी पटेल, शम्भवी तिवारी, आदित्य यादव, विष्णु कुमार, प्रतीक द्विवेदी, आर्यन देव, हर्षित सिंह एवं रिया सिंह।

हाईस्कूल: कुशाग्र गुप्ता, अथर्व वेद, अक्षत धर दुबे, प्रियंका, आयुष्मान गुप्ता, अनुज कुमार, अंशिका सिंह, कैरव सिद्धार्थ, अभय सिंह, रोमंचक द्विवेदी, अनुष्का वर्मा, आदर्श सिंह, अंशिका यादव, श्रुति महेन्द्र एवं राहुल कुमार।

AMRIT VICHAR PAGE 4

75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

सम्मानित किए गए हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के मेधावी। अमृत विचार

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में कर्मचारी परिषद की ओर से आयोजित किए गए प्रतिभा सम्मान समारोह में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 27 बच्चों को सम्मानित किया गया। इनमें हाईस्कूल के 15 और इंटरमीडिएट के 12 छात्र शामिल हैं।

समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि छात्रों को अपनी रुचि के अनुरूप विषय का चयन करना चाहिए। इससे उनका भविष्य उज्जवल होगा और अपने मनचाहे विषय में अपना उत्कृष्ट योगदान देने के साथ ही परिवार एवं देश का नाम रोशन करेंगें। कहा कि प्रत्येक छात्र को अपना लक्ष्य निर्धारित करके उसे प्राप्त करने के लिए अपना सर्वोच्च प्रयास करना चाहिए। समारोह के विशिष्ट अतिथि परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश यादव, महामंत्री संजय शुक्ला, उपाध्यक्ष सीपी सिंह, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

इनको किया गया सम्मानित

इंटरमीडिएट : दीक्षा निगम, प्रियम तिवारी, वैभव वर्मा, राशि श्रीवास्तव, आयुषी पटेल, शम्भवी तिवारी, आदित्य यादव, विष्णु कुमार, प्रतीक द्विवेदी, आर्यन देव, हर्षित सिंह एवं रिया सिंह।

हाईस्कूल: कुशाग्र गुप्ता, अथर्व वेद, अक्षत धर दुबे, प्रियंका, आयुष्मान गुप्ता, अनुज कुमार, अंशिका सिंह, कैरव सिद्धार्थ, अभय सिंह, रोमंचक द्विवेदी, अनुष्का वर्मा, आदर्श सिंह, अंशिका यादव, श्रुति महेन्द्र एवं राहुल कुमार।

लविवि : स्थापना दिवस के लिए बनी समिति

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अलुमिनाई फाउंडेशन की बैठक में 25 नवंबर को होने वाले स्थापना दिवस के लिए आयोजन समिति गठित की गई। रसायन विभान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिल मिश्र को समिति का चेयरमैन बनाया गया है।

कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि प्रत्येक विभाग से दो छात्रों को अलुमिनाई फाउंडेशन (एलयूएएफ) के ब्रांड अम्बेसेडर के रूप में नियुक्त किया जाएगा। बैठक में कार्य परिषद के सदस्य प्रो. प्रमोद टंडन, अलुमिनाई फाउन्डेशन के वाइस चेयरमैन प्रो. अरूप चक्रवर्ती, महासचिव प्रो. सुधीर मेहरोत्रा, डीन कला संकाय प्रो. अरविंद अवस्थी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. संगीता साहू, प्रो. अनिल मिश्र, डॉ. केया पांडेय, डॉ. ओपी शुक्ल और कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह मौजूद रहे।

लविवि : सम सेमेस्टर का परीक्षाफल जारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने विभिन्न विषयों के समसेमेस्टर परीक्षाओं का परिणाम जारी कर दिया है। एमए होम साइंस, एमए अर्थशास्त्र, एमपीईडी फिजिकल एजुकेशन, एमएससी एग्रीकल्चर एक्सटेंशन, एमएससी एग्रोनामी, एमएससी हाटीकल्चर, एमएससी मृदा विज्ञान व एग्रीकल्चर केमेस्ट्री और एलएलबी पंच वर्षीय पाठ्यक्रम शामिल है। परीक्षाफल लविवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

'गांधी के विचारों को आजादी के बाद डा. राम मनोहर लोहिया ने दिया विस्तार'

लखनऊ विश्वविद्यालय के राजा बलभद्र मुकर्जी सभागार में डा. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर आयोजित सगोष्ठी को स्वतंत्रता दलते प्रो. अनन्त कुमार एक उपस्थित शिक्षक छात्र विद्यार्थी ● जागरण

विद्यार्थी लक्ष्य तय कर बेहतर प्रयास करें: प्रो.राय

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें विवि में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चे जो हाईस्कूल

कुलपति ने कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

और इंटरमीडिएट की परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये थे उनको प्रमाणपत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय, विशिष्ट अतिथि परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ.विनोद कुमार सिंह ने की। सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने दीप प्रवज्जलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन परिषद अध्यक्ष

राकेश यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन परिषद महामंत्री संजय शुक्ल ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने सहभागिता की। समारोह में कुल 27 बच्चों को सम्मानित किया गया। जिसमें हाईस्कूल के 15 और इंटरमीडिएट के 12 मेधावी छात्र शामिल रहे। सम्मानित होने वाले इंटरमीडिएट के मेधावी छात्रों में दीक्षा निगम, प्रियम तिवारी, वैभव वर्मा, राशि श्रीवास्तव, आयुषी पटेल, शम्भवी तिवारी, आदित्य यादव, विष्णु कुमार, प्रतीक द्विवेदी, आर्यन देव, हर्षित सिंह एवं रिया सिंह शामिल थी। इसी प्रकार हाई स्कूल के सम्मानित होने वाले छात्रों में कुशाग्र गुप्ता, अथर्व वेद, अक्षत धर दुबे, प्रियंका, आयुष्मान गुप्ता, अनुज कुमार, अंशिका सिंह, कैरव सिद्धार्थ, अभय सिंह, रोमंचक द्विवेदी, अनुष्का वर्मा, आदर्श सिंह, अंशिका यादव, श्रुति महेन्द्र एवं राहुल कुमार आदि थे। समारोह को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने सम्मानित होने वाले बच्चों को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्रों को उनके रूचि के अनुरूप विषय का चयन करना चाहिए। इससे उनका भविष्य उज्जवल होगा और अपने मनचाहे विषय में अपना उत्कृष्ट योगदान देने के साथ ही परिवार एवं देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि अक्सर यह देखा जाता है कि बच्चों के अभिभावक उनकी रूचि के विपरीत विषयों में जबरदस्ती प्रवेश दिला देते है। जिससे उस बच्चे के भविष्य के साथ ही देश का भविष्य भी प्रभावित होता है। कहा कि प्रत्येक छात्र को अपना लक्ष्य निर्धारित करके उसे प्राप्त करने के लिए अपना सर्वोच्च प्रयास करना चाहिए और तब तक नही रूकना चाहिए जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो। कहा कि सम्मानित होने वाले छात्रों को देखकर ऐसा प्रतीत हुआ कि सम्पूर्ण समाज का प्रतिनिधित्व है और यही विश्वविद्यालय परिवार का प्रतिबिम्ब है।

एलयू में अलुमिनाई फाउंडेशन की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। विश्वविद्यालय के अलुमिनाई फाउंडेशन की कार्य समिति की बैठक कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय जोकि फाउंडेशन के अध्यक्ष भी हैं उनकी अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 नवम्बर को स्थापना दिवस के अवसर पर लविवि के प्रत्येक विभाग से दो छात्रों को अलुमिनाई फाउंडेशन के ब्राण्ड अम्बेसेडर के रूप में नियुक्त किया जाए। इसी के साथ यह भी निर्णय हुआ कि आगामी स्थापना दिवस के लिए जो आयोजन समिति बनाई जा रही है उसके रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिल मिश्र होंगे। इस बैठक में कार्य परिषद के सदस्य प्रो. प्रमोद टंडन, अलुमिनाई फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन प्रो. अरूप चक्रवर्ती, महासचिव प्रो. सुधीर मेहरोत्रा, कला संकाय के डीन प्रो. अरविंद अवस्थी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. संगीता साहू, प्रो. अनिल मिश्र, डॉ. केया पाण्डेय, डॉ. ओपी शुक्ल और कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह उपस्थित रहे।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

छात्र स्वयं लक्ष्य तय कर हासिल करने तक न रुके : आलोक राय

- कुलपति से प्रमाणपत्र और उपहार पाकर मेधावियों के खिले चेहरे
- लविवि के कर्मचारी परिषद के प्रतिभा सम्मान समारोह में कुल 27 कर्मचारियों के बच्चों को किया गया सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कर्मचारी परिषद ने गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चे जो हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये थे, उनको प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, विशिष्ट अतिथि परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी, अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्घाटन किया। समारोह का संचालन कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष राकेश यादव और आभार ज्ञापन महामंत्री संजय शुक्ला ने किया। समारोह में कुल 27 बच्चों को सम्मानित किया गया। जिसमें हाईस्कूल के 15 और इंटरमीडिएट के 12 मेधावी छात्र शामिल रहे। सम्मानित होने वाले इण्टरमीडिएट के मेधावी छात्रों में दीक्षा निगम, प्रियम तिवारी, वैभव वर्मा, राशि श्रीवास्तव, आयुषी पटेल, शम्भवी तिवारी, आदित्य यादव, विष्णु कुमार, प्रतीक द्विवेदी, आर्यन देव, हर्षित सिंह एवं रिया सिंह शामिल थी। इसी प्रकार हाई स्कूल के सम्मानित होने वाले छात्रों में कुशाग्र गुप्ता, अथर्व वेद, अक्षत धर दुबे, प्रियंका, आयुष्मान गुप्ता, अनुज कुमार, अंशिका सिंह, कैरव सिद्धार्थ, अभय सिंह, रोमंचक द्विवेदी, अनुष्का वर्मा, आदर्श सिंह, अंशिका यादव, श्रुति महेन्द्र एवं राहुल कुमार आदि रहे।

समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सम्मानित होने वाले बच्चों को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्रों को उनके रूचि के अनुरूप विषय का चयन करना चाहिए।

इससे उनका भविष्य उज्ज्वल होगा